# FORM No. III
## फर्द अहकाम
(नियम 26)

APP-A
Crim-I

अदालत उपखण्ड अधिकारी ......मुकाम ......
...... बनाम ......
किस्म मुकदमा L.R.Act - 136 ......नं. 71 ......सन् 2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 5/8/25 | राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। जांच रिपोर्ट सरिस्ता अवलोकन की गई। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र पर बहस कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार जाने का निवेदन किया गया। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। पत्रावली आदेश वास्ते दिनांक 8/8/25 को पेश हो। | |
| 8/8/25 | पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अप्रार्थी द्वारा ग्राम अरण्डखेड़ा के खाता संख्या 133 में नामान्तरण संख्या 2315 दिनांक 19.07.2025 विरासत द्वारा नंदकंवरी पत्नि चतुर्भुज के वारीसान पप्पू, महावीर, सुरेन्द्र पुत्र चतुर्भुज व गीताबाई, लाडबाई पुत्रियां चतुर्भुज का नाम दर्ज हुआ। जबकि वारीसान पप्पू, महावीर, सुरेन्द्र पुत्र चतुर्भूज व गीताबाई लाडबाई पुत्रियां चतुर्भूज हिस्सा 17/528 एक प्रविष्टि पूर्व से ही दर्ज है। नंदकंवरी पत्नि चतुर्भूज के फौती नामान्तरण से उक्त नाम की दोहरी प्रविष्टि दर्ज हुई जिसे दुरूस्त करवाने हेतु अप्रार्थी द्वारा आवेदन किया है। ग्राम अरण्डखेड़ा के खाता संख्या 133 में विरासत द्वारा पप्पू, महावीर, सुरेन्द्र पुत्र चतुर्भूज व गीताबाई, लाडबाई पुत्रियां चतुर्भूज की डबल एन्ट्री हुई है। जिससे खाता अपवादित हो गया है। तथा अन्य कार्य सीमित हो गया है। पटवारी रिपोर्ट अनुसार उक्त नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः उक्त प्रविष्टियों को दुरूस्त किया जाना है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर उक्त शुद्धि की जावें।<br>पत्रावली एवं सलंग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में कथन किया गया है कि ग्राम अरण्डखेड़ा के खाता संख्या 133 में विरासत द्वारा पप्पू, महावीर, सुरेन्द्र पुत्र चतुर्भूज व गीताबाई, लाडबाई पुत्रियां चतुर्भूज की डबल एन्ट्री हुई है। उक्त त्रुटी ऑनलाईन म्यूटेशन के कारण हुई है। जिसकी शुद्धि किया जाना उचित है। उपरोक्तानुसार बाद विवेचन प्रार्थना पत्र को प्रथम दृष्टया ही स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार कर तहसीलदार लाडपुरा को आदेशित किया जात है कि ग्राम अरण्डखेड़ा के खाता संख्या 133 में पप्पू, महावीर, सुरेन्द्र पुत्र चतुर्भूज व गीताबाई, लाडबाई पुत्रिया चतुर्भूज की दोहरी प्रविष्टि को एक दर्ज किया जावें।<br>उक्त निर्णय आज दिनांक 8/8/25 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>को. | |